## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 20.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बबेरु पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 19.07.2025 को थाना **बबेरु पुलिस** द्वारा चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को चोरी के सामान साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम मझींवा के रहने वाले बबुआ पुत्र स्वंयवर पाल ने दिनांक 18.07.2025 को अपने घर में अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 13.07.2025 की रात्रि को चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी । जिसके सम्बन्ध में थाना बबेरु पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया । इस क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को ग्राम मझींवा के गडरा नाला चन्देल की पुरानी कोठरी के पीछे से गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी के सामान बरामद किया गया

**बरामदगी-**

- एक लॉकेट( पीली धातु)
- एक मंगलसूत्र लॉकेट (पीली धातु)
- एक कमर बंद (सफ़ेद धातु )
- एक जोड़ीं पायल (सफ़ेद धातु )

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. श्यामू पाल पुत्र छददु नि०ग्राम जमोहा थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर ।
2. चुनकाई यादव पुत्र चुनुवाद यादव नि०ग्राम मझीवा गंधी का डेरा थाना बबेरू जनपद बांदा ।

**आपराधिक इतिहास-**

- मु0अ0सं0- 285/25 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना बबेरू जनपद बांदा ।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री धर्म सिंह यादव
2. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार
3. उ0नि0 रामेन्द्र सिंह
4. का0 अनूप यादव